**बिहार विकास मिशन**
(मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के शासकीय अधीन)
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम कैम्पस,
हॉस्पिटल रोड, राजवंशी नगर, पटना–800023
E-Mail: bvm.msoffice@gmail.com
दूरभाष संख्याः–0612–2285262

**सं० सं०–बि०वि०मि०–स्था०–(DRCC/विविध)–14/23**..793.... **पटना, दिनांक**07–4–26

## –:: आदेश ::–

बिहार विकास मिशन के कार्यालय आदेश संख्या–570, दिनांक–06.10.2016 के माध्यम से श्री कृष्ण कान्त का नियोजन संविदा के आधार पर सहायक प्रबंधक (परियोजना एवं लेखा) के पद पर करते हुए दिनांक–03.10.2016 के प्रभाव से जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, पूर्णियाँ में पदस्थापित किया गया था तथा आदेश संख्या–799 अनु0, दिनांक–07.08.2021 द्वारा श्री कान्त का स्थानान्तरण जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, पूर्णियाँ से जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, लखीसराय किया गया।

2. जिला पदाधिकारी, लखीसराय के कार्यालय आदेश ज्ञापांक–34, दिनांक–12.02.2024 द्वारा सूचित किया गया कि श्री कांत निजी कारणों से दिनांक–10.02.2024 से दिनांक–09.03.2024 तक अवैतनिक अवकाश हेतु आवेदन समर्पित किया गया।

3. जिला पदाधिकारी, लखीसराय के ज्ञापांक–176, दिनांक–02.04.2024 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि श्री कांत द्वारा याचित उक्त अवैतनिक अवकाश अवधि (दिनांक–10.02.2024 से दिनांक–09.03.2024) के बीत जाने के बाद भी उनके द्वारा कार्यालय में योगदान नहीं किया गया और न ही उनके द्वारा अपने अनुपस्थिति से संबंधित किसी प्रकार की सूचना दी गयी। इस हेतु श्री कांत को अनाधिकृत अनुपस्थिति के लिए ससमय स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया।

4. पुनः जिला योजना पदाधिकारी, लखीसराय का पत्रांक–188, दिनांक–09.04.2024 द्वारा श्री कांत को अंतिम स्मार देते हुए अनाधिकृत अनुपस्थिति के लिए ससमय स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया। साथ ही यह भी प्रतिवेदित किया गया कि ससमय स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि श्री कांत कार्य करने के इच्छुक नहीं है।

5. श्री कान्त द्वारा अपनी अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में जिला पदाधिकारी एवं जिला योजना पदाधिकारी द्वारा किये गये उक्त स्पष्टीकरण/ कारण पृच्छा का जवाब समर्पित नहीं किया गया।

6. जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, लखीसराय से प्राप्त ई–मेल दिनांक–19.03.2026 के साथ संलग्न जिला योजना पदाधिकारी, लखीसराय के पत्रांक–88, दिनांक–17.03.2026 एवं उपस्थिति पंजी के अनुसार श्री कान्त का अंतिम कार्य दिवस दिनांक–09.02.2024 है।

7. श्री कान्त के अनाधिकृत अनुपस्थिति के कारण बिहार विकास मिशन के HR Manual के HR Policy No.-10 की कंडिका-3.4.5 एवं HR Policy No.-19 की कंडिका-6.5.8 में निहित प्रावधान के आलोक में उन्हें दिनांक–09.02.2024 के अपराह्न से बर्खास्त किया जाता है।

8. प्रस्ताव में सदस्य सचिव, बिहार विकास मिशन का अनुमोदन प्राप्त है।

06/04/26
(अश्वनी कुमार)
महाप्रबंधक-HR Management & IT

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०- स्था०-(DRCC/विविध)-14/23**...793....**पटना, दिनांक**07.4.26...

**प्रतिलिपिः-** जिला पदाधिकारी, लखीसराय/ जिला योजना पदाधिकारी, लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. अनुरोध है कि श्री कृष्ण कान्त, सहायक प्रबंधक (परियोजना एवं लेखा), जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, लखीसराय से सम्पूर्ण प्रभार प्राप्ति एवं बकाया (यदि कोई हो) की वसूली के संबंध में अपने स्तर से नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

06/04/26

महाप्रबंधक-HR Management & IT

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०- स्था०-(DRCC/विविध)-14/23**...793...**पटना, दिनांक** 07.4.26....

**प्रतिलिपिः-** महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ श्रीमती रश्मि रंजन, मैनेजमेंट एसोसिएट/ श्री सोनू राज मिर्धा, MIS/HRIS Support Officer, बिहार विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

06/04/26

महाप्रबंधक-HR Management & IT

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०-स्था०-(DRCC/विविध)-14/23**...793...**पटना, दिनांक** 07.4.26.

**प्रतिलिपिः-** प्रबंधक, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, लखीसराय/ श्री कृष्ण कान्त, सहायक प्रबंधक (परियोजना एवं लेखा), जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

06/04/26

महाप्रबंधक-HR(Management) & IT

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०- स्था०-(DRCC/विविध)-14/23**...793.....**पटना, दिनांक** 07.4.26...

**प्रतिलिपिः-** एच0आर0 मैनेजर, बिहार विकास मिशन को ई-मेल करने हेतु प्रेषित।

06/04/26

महाप्रबंधक-HR Management & IT

11.30 A.M

07/4/26